E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2582251

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

---

Ref. No. CSJMU/ R.Camp. /767 /2024 Dated : 20.06.2024

**<u>अतिमहत्वपूर्ण / प्रथम वरीयता</u>**

सेवा में,

1. **प्राचार्य / प्राचार्या,**
   सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ।
2. **समस्त निदेशक / विभागाध्यक्ष**
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर, कानपुर ।

**विषयः** **शैक्षणिक सत्र 2024–25 से समर्थ ई.आर.पी. के कियान्वयन के सम्बन्ध में ।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 1408 / सत्तर–3–2024 दिनांक 19 जून, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें । इस विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 कुलाधिपति महोदया एवं शासन के निर्देशानुसार सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु दिनांक 14.06.2024 से छात्र / छात्राओं का पंजीकरण SAMARTH Portal के माध्यम से प्रारम्भ हो गया है, जिसकी सूचना कार्यालय आदेश संख्या CSJMU/R.Camp./728/2024 दिनांक 14.06.2024 द्वारा जारी की जा चुकी है । तद्क्रम में वर्तमान में छात्र / छात्राओं द्वारा प्रवेश पंजीकरण SAMARTH Portal के माध्यम से सम्पन्न किये जा रहे हैं ।

ज्ञातव्य है कि सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगइन SAMARTH Portal पर सृजित हो चुके हैं तथा इसे कियान्वित (Functional) करने एवं प्रोफाइल पूरित करने सम्बन्धी सूचना सभी प्राचार्य / प्राचार्या को महाविद्यालय की Email ID पर पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है । सूचित करना है कि सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के Admission Portal के माध्यम से WRN / पंजीकरण संख्या प्राप्त कर चुके छात्र / छात्राओं एवं दिनांक 14.06.2024 से SAMARTH Portal के माध्यम से पंजीकरण जनित करने की लागू व्यवस्था से आच्छादित सभी छात्र / छात्राओं के प्रवेश हेतु निर्धारित Check-in व्यवस्था अब केवल SAMARTH Portal के माध्यम से ही महाविद्यालयों द्वारा सम्पन्न की जायेगी ।

महाविद्यालयों को SAMARTH Portal के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने, महाविद्यालय की पोर्टल पर प्रोफाइल पूर्ण कराने एवं प्रवेशित किये जाने वाले छात्र / छात्राओं के Check-in की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या, प्रवेश प्रभारी एवं तकनीकी कर्मचारी को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है –

- प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल : Virtual Class Room & BCA/MCA Computer Lab, UIET-4
- प्रशिक्षण अवधि : प्रथम पाली – 11:30 से 02:00 बजे तक
  द्वितीय पाली – 02:30 से 05:00 बजे तक

क्रमशः.......2

Scanned with OKEN Scanner

E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)



- जनपदवार प्रशिक्षण तिथियाँ एवं प्रशिक्षण पाली विवरण–

| क.सं. | विवरण | प्रशिक्षण तिथि | प्रशिक्षण पाली |
|---|---|---|---|
| 1 | **विश्वविद्यालय परिसर** के समस्त शैक्षणिक विभाग | 18.06.2024(मंगलवार) | द्वितीय (02:30 से 05:00 तक) |
| 2 | **कानपुर शहर जनपद** के कालेज कोड KN01 से KN102 तक समस्त महाविद्यालय | 26.06.2024 (बुधवार) | प्रथम (11:30 से 02:00 तक) |
| 3 | **कानपुर शहर जनपद** के कालेज कोड KN103 से KN199 तक समस्त महाविद्यालय | 26.06.2024 (बुधवार) | द्वितीय (02:30 से 05:00 तक) |
| 4 | **उन्नाव जनपद** के समस्त महाविद्यालय | 27.06.2024 (गुरूवार) | प्रथम (11:30 से 02:00 तक) |
| 5 | **कानपुर देहात जनपद** के समस्त महाविद्यालय | 27.06.2024 (गुरूवार) | द्वितीय (02:30 से 05:00 तक) |
| 6 | **फर्रुखाबाद जनपद** के समस्त महाविद्यालय | 28.06.2024 (शुक्रवार) | प्रथम (11:30 से 02:00 तक) |
| 7 | **कन्नौज जनपद** के समस्त महाविद्यालय | 28.06.2024 (शुक्रवार) | द्वितीय (02:30 से 05:00 तक) |
| 8 | **इटावा जनपद** के समस्त महाविद्यालय | 29.06.2024 (शनिवार) | प्रथम (11:30 से 02:00 तक) |
| 9 | **औरैया जनपद** के समस्त महाविद्यालय | 29.06.2024 (शनिवार) | द्वितीय (02:30 से 05:00 तक) |

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या ऑनलाइन प्रतिभाग करेंगे तथा प्रवेश प्रभारी एवं 01 तकनीकी कर्मचारी (Computer Personnel) प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा अधिकृत पत्र के साथ जनपदवार/पालीवार निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु निर्दिष्ट स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे ।

अतः निर्देशानुसार आपको सूचित करना है कि SAMARTH Portal के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं ऑनलाइन प्रतिभाग करने तथा प्रवेश प्रभारी एवं सम्बन्धित तकनीकी कर्मचारी को विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु उपस्थित रहना सुनिश्चित करें । विश्वविद्यालय द्वारा इस हेतु कोई T.A./D.A. देय नही होगा ।

भवदीय,

(डॉ0 अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सादर सूचनार्थ ।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ ।
3. निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री गिरि), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ ।
4. निजी सचिव कुलपति, मा. कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
5. सिस्टम मैनेजर/नोडल अधिकारी, SAMARTH Portal ।
6. निदेशक, UIET/प्रो0 राबिन्स पोरवाल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रशिक्षण हेतु Computer Labs एवं Virtual Class Room उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का कष्ट करें ।
7. श्री राजीव जैन एवं PMU के सभी प्रोग्रामर्स तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर्स को इस आशय से प्रेषित कि वे प्रशिक्षण अवधि में कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर महाविद्यालय प्रतिनिधियों को सहयोग प्रदान करेंगे ।
8. वैयक्तिक सहा., कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक ।
9. PMU को सभी महाविद्यालयों के कालेज लागइन पर प्रेषित करने हेतु ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner